an>

Title: Need to develop Sondani village, a historical place associated with King Yasodharman in Mandsaur district of Madhya Pradesh as a cultural and tourist destination.

श्री सुधीर गुप्ता **(मंदसौर) :** मेरे संसदीय क्षेत्र मन्दसौर (मध्य प्रदेश) के सोधनी गाँव में विशाल पत्थरों से बने दो विजय स्तम्भ निर्मित हैं। यह विजय स्तम्भ छठी शताब्दी के हैं व भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण ने संरक्षित कर रखे हैं। यह स्तम्भ महाराजा यशोधर्मन ने हूणों को युद्ध में पराजित कर विजय की स्मृति में निर्मित करवाये थे। बर्बर हूणों से सारी दुनिया भयभीत थी। चीन ने इन्हीं हूणों से भयभीत होकर विश्व प्रसिद्ध दीवार का निर्माण करवाया था। इन्हीं बर्बर हूणों को दशपुरनगर वर्तमान मन्दसौर में महाराजा यशोधर्मन ने पराजित किया था।

अतः माननीय संस्कृति मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि भावी पीढ़ी को यशोधर्मन के शौर्य से परिचित कराने हेतु सोधनी (दशपुर, मन्दसौर) में संस्कृति , पर्यटन और शौर्य केन्द्र के रूप में विकसित करने की कोई योजना क्रियान्वयन करेंगे।